तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अहिल्यादेवी बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार तिंवरी)** सू.अ.अ. अपील संख्या 223/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-08-2022	अपीलार्थी अहिल्यादेवी पुत्री रामदयाल पत्नी आनंदसिंह गहलोत निवासी बड़ा बेरा, मण्डोर जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 05.04.2022 में (1) ग्राम मथानिया द्वितीय तहसील तिंवरी पूर्व तहसील औसियां के नामान्तरकरण सं0 1423, 1123, 1267 व अन्य बिन्दुओं,, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार तिंवरी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार तिंवरी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार तिंवरी) से जरिये पत्रांक 103 दिनांक 28.07.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्रांक सू.अ./2022/101 दिनां 26.04.2022 के द्वारा प्रार्थी को उपलब्ध करा दी गई। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है तथा दी गई सूचना की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित भी की है अतः अपीलार्थी को सूचना की प्रति भी इस कार्यालय से प्रेषित कर दी जाय। उपरोक्तानुसार अपील का निस्तारण किया जाता है।। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	